हरिभूमि
# कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 13 जनवरी 2026
[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

तापमान
अधिकतम 24 डिग्री
न्यूनतम 9 डिग्री

4 ओंकारेश्वर धाम में मकर संक्रांति उत्सव मेला कल से


## खबर संक्षेप

### आज होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

**मनेन्द्रगढ़।** नगर में 13 जनवरी को एक भव्य विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्रीराम मंदिर प्रांगण मनेन्द्रगढ़ में दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक संपन्न होगा। सम्मेलन का आयोजन सर्व हिंदू समाज मनेन्द्रगढ़ के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से काफी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों के शामिल होने की संभावना है। आयोजकों के अनुसार इस सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को एकजुट करना, सांस्कृतिक एवं धार्मिक मूल्यों को सदृढ़ करना तथा सामाजिक समरसता का संदेश देना है। कार्यक्रम के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, भजन-कीर्तन एवं सम्मानित अतिथियों के उद्बोधन का आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धा और भक्ति का वातावरण निर्मित होगा। सम्मेलन में माताओं-बहनों, युवाओं, वरिष्ठ नागरिकों सहित समाज के सभी वर्गों की सहभागिता अपेक्षित है। आयोजन समिति ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने इष्ट मित्रों एवं परिवारजन के साथ अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम स्थल श्रीराम मंदिर प्रांगण को विशेष रूप से सजाया जाएगा, वहीं धार्मिक ध्वजों और प्रतीकों के माध्यम से सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

### जटिल ऑपरेशन कर बछड़े की बचाई जान

**बैकुण्ठपुर।** जिले के खड़गवां गांव में पशु चिकित्सा सेवाओं ने मानवीय संवेदना का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। गांव के पशुपालक राजकमल की मादा गाय के नवजात बछड़े की स्थिति जन्म के समय अत्यंत गंभीर हो गई थी। बछड़ा डिस्टोकिया नामक जटिल समस्या से ग्रसित था, जिसमें प्रसव के दौरान बछड़ा गर्भ में फंस जाता है और मां तथा नवजात दोनों की जान पर खतरा बन जाता है। डॉक्टरों ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एमवीयू 1962 की टीम को तत्काल सूचना दी गई। सूचना मिलते ही डॉ. विनोद सिंह एवं डॉ. बीके तांजे अपनी टीम के साथ बिना समय गंवाए रात लगभग 8 बजे मौके पर पहुंचे और सफल इलाज किए।

### जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन



**बैकुण्ठपुर।** छग शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत संचालक खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर निर्देशन से जिला स्तरीय राष्ट्रीय युवा दिवस 2026 का अयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय, जिला खेल अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, संस्था के प्रचार्य अमृतलाल गुप्ता, जय नाथ वाजपई जिला प्रोग्रामर एवं सांहिस्ता अंजुम अली वरिष्ठ व्यख्याता के उपस्थित रहे। जिसमे जिला शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार राय के द्वारा स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र की जानकारी देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद द्वारा शिकांगो के विश्व धर्म महासभा में दिए गए उस ऐतिहासिक भाषण की चर्चा की, जिसने पूरी दुनिया में भारत और हिन्दुत्व की पहचान बदल दी थी और अमेरिका के भाई और बहनों जैसे सरल शब्दों से स्वामी विवेकानंद ने वैश्विक भाईचारा का संदेश दिया था। इस कार्यक्रम में 15 से 29 आयु वर्ग में लगभग 100 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर भाषण, काव्य पाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता के अंत में श्रीमती शिल्पा गुप्ता पार्षद एवं अन्य अतिथियों के द्वारा शामिल सभी विधाओं के प्रतिभागियों को प्रथम एवं द्वितीय पुरूस्कार का वितरण किया गया।

---

**पुण्य स्नान के लिए सरोवरों में जुटते हैं श्रद्धालु** | **मिनी स्टेडियम में होगी पंतगबाजी, बैकुंठपुर में सजा बाजार**

# दुर्लभ संयोग के बीच कल मनाई जाएगी मकर संक्राति, तिल लड्डू की बिक्री में आई तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा। इस बार कई दुर्लभ संयोग के बीच मकर संक्रांति मनाई जाएगी। जानकारी के अनुसार इस दिन अमृत सिद्धि योग के साथ कई दुर्लभ संयोग बन रहा है।

ज्योतिषियों के अनुसार इस बार ग्रहों की स्थिति साधकों और दान पुण्य करने वालों के लिए अत्यंत फलदायी होगा। इस दिन सूर्य अपने पुत्र शनि की राशि मकर में प्रवेश करेंगे, इसके साथ ही धीरे-धीरे सूर्य की तेज बढ़ने लगेगी और धूप तीखी पड़ने लगेगी और दिन के समय धीरे-धीरे ठंड में कमी आना शुरू हो जाएगा। वहीं मकर संक्रांति पर्व के मद्देनजर बाजार में तिल, तिलकुट, तिल के लड्डुओं का विक्रय कई दिनों पूर्व से शुरू हो गया है। मकर संक्रांति के अवसर पर तिल की डिमांड बढ़ जाती है



और इस दिन तिल एवं तिल के बने लड्डुओं का सेवन किया जाता है, इसे ध्यान में रखते हुए तिल व इसके बने सामनों की खरीदी के लिए लोग बाजार में जुट रहे हैं। अधिकांश लोगों के द्वारा मकर संक्रांति के लिए बाजार में बनी बनाई तिल के लड्डु व अन्य तिल से खाद्य पदार्थों की खरीदी कर रहे हैं।

### महकने लगे तिल गुड के व्यंजनों की खुशबू

मकर संक्रांति का पर्व आने के पूर्व ही कई लोगों के घरों में तिल-गुड के लड्डु बनाने में जुट गए हैं, इसके चलते कई लोगों के घर आंगन में तिल गुड के व्यंजनों की खुशबू महकने लगे हैं। आज भी कई घरों के लोग मकर संक्रांति पर्व के पूर्व तिल गुड की खरीदी कर अपने घरों में भी परंपरागत रूप से तिल गुड के लड्डु बनाने की तैयारी में जुट गए हैं, जिनकी खास खुशबू कई घरों के आस पास महकने लगी है।

### कई जगह मेले का आयोजन

मकर सक्रांति पर्व को लेकर लोगों में उत्साह रहता हैं। इस अवसर पर लोग सुबह नदी सरोवरो में स्नान कर दान पुण्य करते हैं। इस दिन कोरिया व एमसीबी जिले के कई स्थानों पर मेले का भी आयोजन किया जाता है, जहां काफी संख्या में विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की भीड़ जुटती है, इसके अलावा विभिन्न क्षेत्रों के नदी सरोवरों में भी मकर संक्रांति के दिन सुबह के समय स्नान करने के लिए जुटते हैं।


### मिनी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता

मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर इस बार शहर के रामानुज मिनी स्टेडियम में पतंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में प्रवेश निःशुल्क रखा गया है साथ ही विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। जानकारी के अनुसार मकर संक्रांति के अवसर पर मिनी स्टेडियम में होने वाले पतंग प्रतियोगिता में चाइनिज मांझा पर प्रतिबंध रहेगा।

---

शाम ढलते ही सामाजिक तत्वों का लग जाता है डेरा

# मिनी स्टेडियम में अंधेरे का राज



**चारो कोने में लगाई गई लाइट को उतार दी गई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के मिनी स्टेडियम में लाखो रूपए खर्च कर स्टेडियम के चारो कोने में हाईमास्क लाइट लगाई गई है, लेकिन बीते दो सप्ताह से अधिक समय से मिनी स्टेडियम में शाम ढलने के बाद अंधेरा छा जाता है। अंधेरे के बीच मिनी स्टेडियम में कई असामाजिक तत्व शाम ढलने के बाद नशाखोरी के लिए जुटते हैं, इसके चलते ही कई बार मिनी स्टेडियम परिसर में शराब की बोतले भी इधर-उधर बिखरा मिलता रहा है।

■ **स्टेडियम परिसर में इधर-उधर बिखरा रहता है शराब की बोतल**

जानकारी के अनुसार शहर के मिनी स्टेडियम में लाखों की लागत से चारो कोने पर हाइमास्क लाइट लगाई गई थी, इससे मिनी स्टेडियम शाम ढलने के बाद रोशन होता था और लोग विभिन्न तरह के एक्टीवीटी करने के लिए पहुंचते थे, लेकिन बीते दो सप्ताह से अंधेरा छाए रहने के कारण मिनी स्टेडियम असामाजिक तत्वों के लिए सुरक्षित स्थल बन गया है।

जानकारी के अनुसार मिनी स्टेडियम के सके चलते मिनी स्टेडियम अंधेरे के आगोश में शाम ढलने के बाद चला जाता है। नपा द्वारा लगाई गई लाइट को उतार लिए जाने से कई दिनों से मिनी स्टेडियम में अंधेरा छाया रहता है।

# पुलिस वाहन शाखा प्रभारी ठगी का शिकार

**बैकुंठपुर।** पुलिस लाइन बैकुंठपुर में आवासीय कॉलोनी निर्माण कार्य से जुड़े एक ठेकेदार दंपती द्वारा नौकरी लगवाने के नाम पर पुलिस वाहन शाखा प्रभारी से 7 लाख रूपए की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है।

■ **नौकरी लगवाने के नाम पर ठेकेदार दंपती ने की 7 लाख की ठगी, मामला दर्ज**

कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्रार्थी जनकराम तिवारी जो वर्तमान में पुलिस लाइन बैकुंठपुर में वाहन शाखा प्रभारी के पद पर पदस्थ हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन में 164 ब्लॉक की आवासीय कॉलोनी निर्माण के दौरान ठेकेदार विनय नागपुरे से परिचय हुआ था। इसी



दौरान आरोपी ने मंत्रालय में अच्छे संबंध होने का दावा करते हुए उनकी पुत्री को आंगनबाड़ी सुपरवाइजर की नौकरी दिलाने की बात कही और इसके बदले 10 लाख रूपए की मांग की।

प्रार्थी के अनुसार आरोपी की पत्नी स्नेहा विनय नागपुरे ने भरोसा दिलाने के लिए स्टेट बैंक का एक खाली चेक भी दिया और नौकरी नहीं लगने की स्थिति में राशि वापस करने का आश्वासन दिया। आरोपियों के झांसे में आकर जनकराम तिवारी ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए बचाकर रखी गई राशि में से जनवरी 2022 में दो किस्तों में 5 लाख और 2 लाख रूपए नकद विनय नागपुरे को दे दिए। काफी समय बीतने के बाद भी जब नौकरी नहीं लगी तो प्रार्थी ने रूपए वापस मांगा, लेकिन आरोपी टाल-मटोल करते रहे, इसके बाद दिए गए चेक को बैंक में प्रस्तुत करने पर हस्ताक्षर मेल नहीं खाने के कारण चेक अमान्य घोषित कर दिया गया। मानसिक रूप से परेशान प्रार्थी को बाद में आरोपियों द्वारा केवल 1 लाख 45 हजार रूपए ही लौटाए गए, जबकि शेष 5 लाख 55 हजार रूपए अब तक वापस नहीं किए गए। आरोपी दंपती वार्ड नंबर 6 कमलेश्वर नगर, नागपुर (महाराष्ट्र) के निवासी बताए जा रहे हैं। कोतवाली पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है।

---

# मनरेगा की आत्मा खत्म कर मजदूरों का हक मार रही केन्द्र सरकार: कांग्रेस

**बैकुंठपुर।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत सोमवार को कुड़ेली साप्ताहिक बाजार में आमसभा का आयोजन किया गया। 29 जनवरी तक चलने वाले इस सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान कांग्रेस नेता जमीनी स्तर पर उतरकर जनता को केन्द्र की भाजपा सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों से अवगत करा रहे हैं।



सभा को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने वीबीजी रामजी के जरिए दुनिया की सबसे बड़ी रोजगार गारंटी योजना की मूल आत्मा को ही खत्म कर दिया है। मनरेगा अब अधिकार नहीं बल्कि सरकार की मर्जी पर निर्भर एक प्रशासनिक मदद बनकर रह गई है। इस नए ढांचे ने मनरेगा को एक कंडीशनल (शर्तों वाली) और केन्द्र द्वारा पूरी तरह नियंत्रित योजना में तब्दील कर दिया है। पहले सरकारी आदेश से कभी काम नहीं रोका जा सकता था, लेकिन अब नया सिस्टम साल के किसी भी समय जबरन काम बंद करने की इजाजत देता है। यह पूरी तरह से केन्द्र की मर्जी पर निर्भर हो गया है कि वह गरीब को कब रोजगार देगी और कब उसे भूखा रहने के लिए छोड़ देगी। यह बदलाव ग्रामीण भारत के 12 करोड़ मजदूरों के आत्मसम्मान और उनकी आर्थिक सुरक्षा पर सबसे बड़ी चोट है। पूर्व विधायक गुलाब कमरो ने कहा राज्यों पर बोझ और ऑकड़ों का खेल केन्द्र सरकार अब 90 प्रतिशत के बजाय केवल 60 प्रतिशत खर्च देगी, जबकि राज्यों पर 40 प्रतिशत का भारी वित्तीय बोझ डाल दिया गया है। इससे फंड की कमी होगी और धीरे-धीरे योजना बंद हो जाएगी। छग का हवाला देते हुए कहा गया कि भाजपा सरकार आने के बाद 70 प्रतिशत गांवों में अघोषित रूप से काम बंद है। पिछले 11 वर्षों में औसत रोजगार मात्र 38 दिन रहा है, जो 100 दिन की गारंटी के दावे पर तमाचा है। साजिश के खिलाफ संघर्ष जारी रहेगा 125 दिन मजदूरी की बात भाजपा सरकार की केवल एक चुनावी चालाकी है। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, पूर्व विधायक गुलाब कमरो, पीसीसी सदस्य योगेश शुक्ला, प्रदेश संयुक्त महामंत्री वेदांती तिवारी, कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल, महामंत्री बृजवासी तिवारी, जनपद अध्यक्ष उदय सिंह, बिहारी राजवाड़े, शैलेन्द्र सिंह, गणेश राजवाड़े, भूपेन्द्र यादव, कमलकांत साहू, मकबूल खान, अविनाश सहित काफी संख्या कांग्रेसी मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत चल रहे जागरूकता आमसभा एवं धरना प्रदर्शन में उपस्थित रहे।

# पिकअप वाहन सहित साउंड सिस्टम जब्त

**चरचा कालरी।** पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देश पर एवं एएसपी सुरेशा चौबे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में चरचा थाना क्षेत्र में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए विशेष अभियान चलाया गया।



इसी अभियान के तहत 11 जनवरी को थाना चरचा पुलिस को सूचना मिली की फूलपुर ऑक्सीजन पार्क के पास एक सफेद रंग के पिकअप वाहन में अत्यधिक तेज आवाज में डीजे साउंड सिस्टम बजाया जा रहा है, जिससे आसपास के रहवासी, विद्यार्थी, बुजुर्ग और आम नागरिक गंभीर रूप से परेशान हो रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। मौके पर देखा गया कि पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 16 सीएफ 3362 में भारी-भरकम हाई-पावर डीजे साउंड सिस्टम लोड कर सार्वजनिक स्थान पर बिना किसी वैध अनुमति के धड़ल्ले से बजाया जा रहा था। पुलिस द्वारा डीजे संचालक से वैध परमिट मांगा गया, किंतु वह कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने धारा 94 बीएनएसएस के तहत नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई की। परमिट के अभाव में डीजे संचालन को छग कोलाहल नियंत्रण अधिनियम 1985 की धारा 15 का गंभीर उल्लंघन मानते हुए पुलिस ने डीजे साउंड सिस्टम सहित पूरा पिकअप वाहन मौके पर ही जब्त कर लिया और आरोपी के विरूद्ध विधिसम्मत प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई। गौरतलब है कि इससे पूर्व भी थाना चरचा की इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई में एक डीजे वाहन को छग उच्च न्यायालय द्वारा राज्यसात किए जाने का आदेश दिया जा चुका है। पुलिस ने साफ शब्दों में कहा है कि सुप्रीम कोर्ट और छग हाईकोर्ट के आदेशों का कड़ाई से पालन करते हुए जिले में अवैध डीजे, तेज आवाज, रात्रिकालीन शोर और शांति भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह के विरूद्ध ऐसी कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

### विद्युत पोल में जोड़ दिए एंगल...



**बैकुण्ठपुर।** शहर के महलपारा मुख्य मार्ग किनारे लोहे के विद्युत पोल के निचले हिस्से में लोहे के एंगल जोड़कर विद्युत तारों को जोड़ा गया है। कम ऊंचाई होने के कारण कभी किसी के लिए खतरे का कारण बन सकता है।

---

**श्रद्धा और प्रेरणा के साथ मनाया गया स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह**

# स्वामी विवेकानंद के विचारों को आत्मसात करें: श्याम बिहारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

जिले के कोरिया कॉलरी चिरमिरी में स्वामी विवेकानंद जयंती समारोह श्रद्धा, उत्साह और प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल अतिथि के रूप में शामिल हुए।

समारोह में स्वामी विवेकानंद के विचार मुझे केवल मुक्ति चाहिए, ऐसा विचार करना भी स्वार्थ है, जब तक भारत में एक भी दुखी रहेगा, तब तक मुझे मुक्ति नहीं चाहिए केन्द्र में रखकर समाज सेवा, मानव कल्याण और राष्ट निर्माण पर विस्तृत चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन और दर्शन आज के युवाओं के लिए



मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद ने आत्मकल्याण से पहले समाज और राष्ट के कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का संदेश दिया। अपने दौरे के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कोरिया कॉलरी स्थित एसईसीएल के जर्जर अस्पताल भवन का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने उक्त जर्जर अस्पताल भवन को हायर कर लिया है तथा उसके मेंटेनेंस के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) से 15 लाख रूपए स्वीकृत किए गए हैं। जल्द ही यहां प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रारंभ किया जाएगा, जिससे कोरिया कॉलरी वासियों को उपचार के लिए चिरमिरी एवं बैकुंठपुर जिला अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा, जो यहां से काफी दूर है। इस पहल से स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया तथा भोग-प्रसाद ग्रहण किया गया। वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का दर्शन केवल आध्यात्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना, मानव सेवा और राष्ट जागरण से गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने युवाओं से नशामुक्त, सशक्त और आत्मनिर्भर ⏭ शेष पेज 4 पर

# अवैध शराब विक्रेता गए जेल



**बैकुण्ठपुर।** छग शासन की आबकारी सचिव श्रीमती आर. संगीता और कोरिया जिले की कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी के विरूद्ध जिले में लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में विभाग सख्ती से कार्रवाई कर रहा है। कंट्रोल रूम बैकुंठपुर में सहायक जिला आबकारी श्रीमती सपना सिन्हा को मुखबीर से प्राप्त सूचना के आधार पर लगातार छापामार कार्रवाई की जा रही है। ग्राम छोटे साल्ही थाना-बैकुंठपुर निवासी मोहरमनिया पति मनिराम के घर की तलाशी लेने पर 10 लीटर अवैध शराब जब्त किया गया। मोदीपारा थाना बैकुंठपुर शिवराज सिंह आत्मज जगदेव ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### सहकारी बैंक के अधिकारियों ने सीईओ को किया सम्मानित

**अम्बिकापुर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सीईओ श्रीकांत चंद्राकर को उत्कृष्ठ कार्यों के लिए राज्य स्तर पर सम्मानित करने के उपरांत रविवार को उनके शहर पहुंचने पर बैंक के शाखा प्रबंधकों एवं कर्मचारियों ने शॉल, श्रीफल देकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर श्री चंद्राकर ने कहा कि यह शाखा प्रबंधकों की मेहनत का ही नतीजा है कि राज्य स्तर पर मुझे सम्मान मिला है। उम्मीद है कि आगे भी आप बैंक की बेहतरी के लिए इसी तरह मेहनत करते रहेंगे। इस दौरान पदाधिकारियों ने कर्मचारी संघ की ओर से लंबित डीए का भुगतान शीघ्र कराने एवं पदोन्नति की मांग की जसे पूरा करने उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपकी मांगे कर्मचारी हित में है और इन पर बोर्ड में निर्णय लेकर पूरा किया जायेगा। इस दौरान शाखा प्रबंध कमल नयन पाण्डेय, संतोष जायसवाल, धर्मेंद्र शर्मा, नरेश सिंह, गिरजा शंकर साहू, श्रीमती बिंदु रानी, श्रीमती ज्योति, संतोष मिंज, केपी मिश्रा, अरविंद श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### विश्व हिंदी दिवस पर विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया



**सूरजपुर।** शासकीय रेवती रमण मिश्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दिवस विश्व हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने राष्ट्रीय हिंदी दिवस एवं अंतर्राष्ट्रीय हिंदी दिवस के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एचएन दुबे उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में हिंदी भाषा की वैश्विक स्तर पर बढ़ती लोकप्रियता और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक हिंदी बुधलाल साहू, अतिरिक्त शिक्षक डॉ. श्रीकांत यादव, डॉ. विनोद साहू ने भी अपने विचार व्यक्त किए। छात्रा रोशनी यादव ने छात्रों के दृष्टिकोण से हिंदी के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम में एमए हिंदी प्रथम सेमेस्टर के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

### बाइक सहित सड़क पर गिरा युवक, मौके पर हुई मौत

**अम्बिकापुर।** तेज रफ्तार से बाइक चला रहा युवक अनियंत्रित होकर सीसी सड़क पर गिर गिया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार खोपा चौक करंजी निवासी सुरेश कुमार राजवाड़े आ. रन साय राजवाड़े गत दिन रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार कार्यक्रम में शामिल होने झांसी गया था। वहां से वापस गांव आया लेकिन घर नहीं आया और बाइक से घूम रहा था। इसी बीच रात 9.30 बजे परिजन को सूचना मिली कि युवक ग्राम मलगा अटल चौक के पास अनियंत्रित होकर बाइक सहित सीसी सड़क पर गिर गया है। सूचना पर जब परिजन मौके पर पहुंचे तो युवक मृत हालत में पड़ा हुआ था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### ग्राम नकटीमुडा में तालाब किनारे मिला ग्रामीण का शव

अम्बिकापुर। सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम नकटी मुडा में तालाब के किनारे एक व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। सूचना पर पुहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है। मौत के कारणों को जानने पुलिस पीएम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृतक की पहचान ग्राम ठेठेटांगर निवासी के रूप में की गई है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए विभिन्न पहलुओं से जांच शुरू कर दी है।

## दो युवतियों समेत चार गंभीर रूप से घायल

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो युवकों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शनिवार को दो अलग कार दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार कार की टक्कर से स्कूटी सवार दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गई जिनमें से एक की मौत हो गई। वहीं दूसरी घटना शहर से लगे हर्रा टिकरा में हुई जहां तेज रफ्तार कार के अनियंत्रित होकर पलटने से दो युवकों की मौत हो गई जबकि दो युवतियों समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बड़ी बात यह है कि मरने वालों में एक युवक घर से भोपाल जाने के नाम पर कटनी से निकला था और सरगुजा आ गया। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है जबकि मामले की जांच चल रही है।

**खास बात**
- दो अलग अलग कार दुर्घटना में तीन की गई जान

बताया जा रहा है कि शनिवार की रात 9.30 बजे मणिपुर थाना अंतर्गत हर्राटिकरा में तेज रफ्तार किया कार क्रमांक सीजी 15 ईजी 4706 अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि हर्रा टिकरा मोड़ पर चालक कार को नियंत्रित नहीं कर पाया और कार दो बार पलटने के बाद उल्टी खड़ी हो गई। घटना के दौरान कार में दो युवती के साथ ही चार युवक सवार थे और सभी बिशुनपुर की तरफ से घूमकर आ रहे थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान कार चालक समेत दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने मृतकों की पहचान एमपी जबलपुर करजी रोड निवासी 24 वर्षीय एंजिल विशाल तिर्की आ. विनोद कुमार तिर्की व मेंड्राकला निवासी 19 वर्षीय अंकित कुजूर आ थामस कुजूर के रूप में की गई। वहीं इस हादसे में कार सवार गांधीनगर लकड़ापारा निवासी 22 वर्षीय आर्यन कुजूर, 22 वर्षीय अनिमेष तिर्की के साथ ही जशपुर जिले के बगीचा महादेवडांड 19 वर्षीया निकिता केरकेट्टा व सीतापुर निवासी 19 वर्षीया तारा कुजूर के रूप में की गई है। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। इस घटना के बाद परिजन में शोक का माहौल है।





दुर्घटनाग्रस्त का व स्कूटी, इनसेट में घायल।

### नानी के घर आया था मृतक

पुलिस के अनुसार मृतक एंजिल विशाल तिर्की मूलतः जबलपुर निवासी है और उसकी मां कटनी में शिक्षिका है। मृतक एंजिल विशाल तिर्की भोपाल में पढाई करता है और वह घर से भोपाल जाने के नाम पर ही घर से निकला था लेकिन वह बिना बताए जशपुर के रायकेरा में रहने वाली अपनी नानी के घर आ गया था जिसके बाद सभी दोस्त घूमने के लिए निकले हुए थे। दुर्घटनाग्रस्त कार आर्यन कुजूर की है और आर्यन की मां हीरामणि मिंज भी शिक्षिका है। आर्यन अपनी मां की कार लेकर निकला था लेकिन कार को मृतक एंजिल विशाल तिर्की चलाने लगा। वहीं कार सवार दो युवतियां भी कॉलेज की छात्राएं है। मृतक अंकित कुजूर के पिता भी अमेरा खदान में काम करते है। संभावना जताई जा रही है कि सभी एक साथ घूमने और पार्टी करने निकले थे इस दौरान हर्राटिकरा मोड़ पर चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और कार पलटकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। फिलहाल पुलिस ने शवों को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच चल रही है।

### कोचिंग के लिए निकले छात्र की मौत

इधर एक दूसरे हादसे में शनिवार की शाम एक छात्र की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि बतौली शांतिपारा निवासी वैभव खलखो और नैतिक गुप्ता शनिवार की शाम स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएम 2794 से कोचिंग पढ़ने के लिए बिलासपुर की ओर जा रहे थे। इस दौरान बतौली गायत्री मंदिर के समीप तेज रफ्तार स्विफ्ट कार क्रमांक सीजी 15 डीए 2985 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए स्कूटी सवार बच्चों को टक्कर मार दी। इस घटना में दोनों छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए बतौली अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां से उन्हें मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया। मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के दौरान छात्र वैभव खलखो की मौत हो गई जबकि नैतिक गुप्ता का उपचार जारी है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत किया जाएगा लर्निंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में सड़क सुरक्षा माह के तहत पुलिस विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। 37वें सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर आम नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सुरक्षित सड़क परिवहन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिविर लगाए जा रहे है। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि जिले के विभिन्न विकासखण्डों में लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जारी आदेश के अनुसार, कार्यालय अंतर्गत पंजीकृत परिवहन सुविधा केन्द्रों के माध्यम से निर्धारित तिथियों एवं स्थलों पर लर्निंग लाइसेंस शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिक लर्निंग लाइसेंस से संबंधित सेवाओं का लाभ सरल एवं सुगम रूप से प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, शिविरों के माध्यम से लोगों को यातायात नियमों, सड़क सुरक्षा एवं सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। विकासखण्ड अंबिकापुर में 17 एवं 18 जनवरी को पीजी कॉलेज ग्राउंड तथा 24 जनवरी को महिला कॉलेज में शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का संचालन अग्रवाल परिवहन सुविधा केन्द्र, शिवम् ऑनलाइन परिवहन सुविधा केन्द्र एवं अभिजीत परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा किया जाएगा। विकासखंड लखनपुर में 17 जनवरी को थाना लखनपुर परिसर में विजन परिवहन सुविधा केन्द्र एवं सरगुजा परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर लगाया जाएगा। विकासखण्ड उदयपुर में 17 जनवरी को थाना उदयपुर में सुरभि परिवहन सुविधा केन्द्र एवं महामाया परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित होगा। विकासखण्ड सीतापुर में 17 जनवरी को थाना सीतापुर में अंकित परिवहन सुविधा केन्द्र एवं एक्का परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर लगाया जाएगा।विकासखण्ड लुण्ड्रा में 18 जनवरी को थाना लुंड्रा में प्रिंस परिवहन सुविधा केन्द्र एवं पटेल ऑनलाइन परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। विकासखंड बतौली में 18 जनवरी को थाना बतौली में मनसा परिवहन सुविधा केन्द्र एवं गुलशन परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर लगाया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड मैनपाट में 18 जनवरी को थाना मैनपाट में गुप्ता कपील परिवहन सुविधा केन्द्र एवं सरगुजा परिवहन सुविधा केन्द्र द्वारा शिविर आयोजित किया जाएगा। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करना, सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना तथा युवाओं एवं नए चालकों को सुरक्षित वाहन संचालन के प्रति जागरूक करना है। यह आदेश तत्काल प्रभावशील है।

### अनियमितता पर हटाए गए धंधापुर और कामेश्वरनगर खरीदी प्रभारी

**बलरामपुर।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 49 धान उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न करने की दृष्टि से खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन की नीति के प्रावधान अंतर्गत कलेक्टर राजेन्द्र कटारा द्वारा धान खरीदी केंद्र धंधापुर एवं कामेश्वरनगर में अनियमितता पाए जाने पर संबंधित धान खरीदी प्रभारी को हटाया गया। साथ ही धान उपार्जन केंद्र धन्धापुर में मोहन सिंह को उपार्जन केंद्र धन्धापुर का धान खरीदी प्रभारी का दायित्व दिया गया है इसी प्रकार कामेश्वरनगर में मनोज यादव को धान उपार्जन केंद्र कामेश्वरनगर का धान खरीदी प्रभारी का दायित्व दिया गया है।

## फिलहाल ठंड से नहीं मिलेगी राहत, जारी रहेगा उतार-चढ़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। विक्षोभ के प्रभाव से न्यूनतम पारा में वृद्धि हुई है लेकिन अभी भी पारा 5 डिग्री पर है। मौसम विज्ञानी 15 जनवरी तक पारा में आंशिक उतार-चढ़ाव होने के साथ ही कड़ाके की ठंड पड़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं।

- रविवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री रिकॉर्ड, बढ़ेगा कोहरा एवं धुंध का प्रभाव

पिछले पांच दिनों से न्यूनतम पारा में आंशिक वृद्धि हो रही है तथा रविवार को न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। मौसम में आए बदलाव के कारण दिन के तापमान में भी वृद्धि दर्ज की गई है तथा दिन का तापमान 23.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है। तापमान में वृद्धि होने से दिन की कनकनी युक्त ठंड से राहत मिली है लेकिन पूरे दिन पश्चिमोत्तर की हवाएं चलने के कारण रात में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। रात के तापमान में वृद्धि होने के बावजूद सरगुजा अभी भी छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है। फिलहाल उत्तर भारत में विक्षोभ की सक्रियता नहीं है लेकिन मध्य भारत के ऊपर सक्रिय ऊपरी हवा के चक्रवात एवं जेट धारा की सक्रियता के कारण फिलहाल ठंड से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विज्ञानियों के अनुसार जेटधारा ठंड बढ़ाने में अहम भूमिका निभा रही है। जेट धारा पश्चिमोत्तर की सर्द हवाओं को अपनी ओर खींचने के साथ ही पूरे वातावरण में फैला रही हैं जिसके कारण ठंड से राहत नहीं मिल रही है। इधर उत्तर भारत में हुई बर्फबारी की ठंडक पश्चिमोत्तर हवाएं लेकर पहुंच रही है। जब तक पश्चिमोत्तर की हवाओं का प्रवाह नहीं रूकता ठंड से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में एक बार फिर कोहरा एवं धुंध के प्रभावी होने की संभावना व्यक्त कर रहे है। मौसम विभाग के प्रभारी अधिकारी एसके मंडल ने बताया कि मध्य भारत के ऊपर ऊपरी हवा का चक्रवात सक्रिय होने के कारण 15 जनवरी तक पारा में उतार-चढ़ाव होने के साथ ही ठंड के यथावत रहने की संभावना है। आने वाले दिनों में कोहरा एवं धुंध की सक्रियता रहने की संभावना है।

## हादसे में मृत कामगार के परिजन को प्रदान की गई सहायता राशि



**बिश्रामपुर।** बौरीडांड से सूरजपुर के बीच चल रहे रेल लाइन दोहरीकरण कार्य के दौरान हुए हादसे में मृत कामगार के परिजनों को सहायता राशि प्रदान की गई है। शुक्रवार 9 जनवरी को दोहरीकरण कार्य के दौरान मिट्टी के मलबे में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई थी जबकि दूसरा मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया था।

रेल प्रबंधन की पहल पर संबंधित ठेका कंपनी द्वारा हादसे में मृत मजदूर दिलाराम पिता गोधूल (50 वर्ष), निवासी भवराही को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई गई। घटना के बाद अंतिम संस्कार व पारंपरिक क्रिया कर्म हेतु मृतक के परिजनों को 50 हजार रुपये की नगद सहायता दी गई थी वहीं अगले दिन ठेकेदार द्वारा मृतक की पत्नी श्यामबाई को 7 लाख रुपये का चेक सौंपा गया। ठेका कंपनी की तरफ से यह भी बताया गया कि जोखिम भरे इस कार्य को देखते हुए साइड में कार्यरत मजदूरों का 10-10 लाख रुपये का बीमा कराया गया, मृतक दिलाराम के बीमा क्लेम की प्रक्रिया बीमा कंपनी के समक्ष प्रारंभ कर दी गई है, जिसकी राशि भी शीघ्र ही परिवार को मिलने की संभावना है। रेल सूत्रों के अनुसार, ठेका कंपनी द्वारा मृतक के परिवार के किसी एक सदस्य को आजीविका हेतु कंपनी में रोजगार देने तथा तीन बेटियों की शिक्षा के लिए निःशुल्क व्यवस्था करने का आश्वासन भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि दिलाराम अपने परिवार का एकमात्र कमाऊ सदस्य था,वहीं हादसे में घायल दूसरे मजदूर देवसाय का एक निजी अस्पताल में इलाज जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उसकी हालत फिलहाल सामान्य बताई जा रही है। बताया जाता है कि घटना के दिन दोनों मजदूर दोहरीकरण परियोजना के फर्स्ट फेज के अंतर्गत टैग्नी–सावारावा के बीच केबल ट्रेंचिंग कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान मौके से एक यात्री ट्रेन गुजरने से उत्पन्न कंपन के कारण पास में रखा मिट्टी का ढेर अचानक ढह गया और दोनों मजदूर उसके नीचे दब गए।

## एसआईआर के तहत मतदाता सूची से काटे गए 41 हजार से अधिक नाम

**बलरामपुर।** जिले में एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। इस बीच जिले में 41 हजार से अधिक मतदाताओं के नाम मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया के तहत सूची से हटा दिए गए। हालांकि विलोपित किए गए मतदाताओं के नामों को लेकर जिला प्रशासन द्वारा दावा आपत्ति ली जा रही है। एसआईआर को लेकर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चेतन बोरघरिया से मिली जानकारी के अनुसार जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य संचालित है। प्रथम चरण में गणना पत्रक वितरण, संकलन के साथ-साथ गणना पत्रक को ऑनलाईन किये जाने का कार्य तथा प्रारंभिक प्रकाशन उपरांत दावा-आपत्ति प्राप्त की जा रही है। गणना पत्रक भरने के चरण के पूर्व जिले में 5 लाख 73 हजार 571 मतदाता पंजीकृत थे। मतदाता सूची के प्रकाशन उपरांत जिले में वर्तमान में 5 लाख 31 हजार 639 मतदाता पंजीकृत है। गणना चरण भरने के उपरांत जिले से 41 हजार 932 मतदाताओं को विलोपन किया गया है, जिसका प्रमुख कारण मृत्यु, पलायन, डुप्लीकेट तथा अनुपस्थित होना है। विधानसभा 6 प्रतापपुर (आंशिक) में 7490 (6.05 प्रतिशत), विधानसभा 7 रामानुजगंज में 19104 (8.43 प्रतिशत) तथा विधानसभा 8 सामरी में 15338 (6.87 प्रतिशत) मतदाताओं का विलोपन किया गया है। इस संबंध में सभी बूथ लेवल अधिकारियों के द्वारा मतदान केन्द्र स्तर पर बीएलए, सरपंच तथा अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर सूची का वाचन कर प्रदान किया है। उन्होंने बताया कि गणना पत्रक चरण के उपरांत जिले में कुल 12114, (2.11 प्रतिशत) विधानसभा 6 प्रतापपुर (आंशिक) में 2291 (1.85 प्रतिशत), विधानसभा 7 रामानुजगंज में 4439 (1.96 प्रतिशत) तथा विधानसभा 8 सामरी में 5384 (2.41 प्रतिशत) मतदाता कैटेगरी सी के रूप में चिन्हित किये गये हैं। जिन्होंने गणना प्रपत्र वरण के दौरान वर्ष 2003 में स्वयं का अथवा अपने माता पिता दादा या दादी का विवरण नहीं दिया है। इन मतदाताओं को निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाकर सत्यापन किया जाएगा। यदि मतदाता ने अपना या रिश्तेदार का वर्ष 2003 का विवरण प्राप्त कर लिया है तो वे उसे निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा जन्म के तिथि के अनुसार उन्हें दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उन्होंने बताया कि 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी तक प्रकाशित मतदाता सूची के संबंध में दावा आपत्ति समस्त मतदान केन्द्रों में प्राप्त की जाएगी।

## शराब पीकर बाइक चलाने वालों पर 10-10 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** नशे की हालत में बाइक चलाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई के बाद न्यायालय ने युवकों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। बता दें कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने की दिशा में एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल के निर्देश पर पुलिस टीम द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना मणीपुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग दौरान बुलेट मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 सीजेड 1954 के चालक महामाया चौक निवासी 25 वर्षीय आकाश सोनी आ. राजू सोनी व अपाचे मोटरसायकल चालक क्रमांक सीजी 14 एमटी 0699 के चालक बरढोढ़ी निवासी 32 वर्षीय बन्नू दास आ. नैनदास की ब्रेथ एनालाइजर से मौके पर जांच की व नशे की हालत में बाइक चलाने की पुष्टि होने के बाद चालको के विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत अलग अलग प्रकरण दर्ज कर दोनों मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। इन दोनों मामलों में न्यायालय द्वारा दोनों प्रकरणों में वाहन चालक के खिलाफ 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

## वर्चुअल हास्य काव्य गोष्ठी में शामिल हुए विभिन्न राज्य के कवि

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज



विश्व हिंदी दिवस के अवसर पर गुंजन संस्थान के तत्वावधान में वर्चुअल हास्य काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों से कवि, साहित्यकार और लेखक शामिल हुए, जिन्होंने हिंदी भाषा, देश प्रेम, सामाजिक सरोकार और हास्य–व्यंग्य रचनाएं प्रस्तुत कीं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. दीपा गुप्ता ने किया जबकि सह-संचालन भारती शर्मा ने संभाला। गोष्ठी की शुरुआत कृष्णा बाबू द्वारा सरस्वती वंदना से हुई। काव्य गोष्ठी का प्रथम आगाज़ कपिल अलवर, राजस्थान ने भावुक कविता से किया, जिसमें पिता के संघर्ष और पीड़ा को मार्मिक ढंग से उकेरा गया। इसके बाद शीरी विशाखापत्तनम ने आधुनिक कविता किसी को शिकायत का मौका न देंगे प्रस्तुत की। गिरधर कटिहार, बिहार ने सवेरा हो गया है फिर से कविता के माध्यम से आशा और सकारात्मकता का संदेश दिया। डॉ. हरनेक गिल दिल्ली ने कविता के व्यापक स्वरूप पर चर्चा करते हुए कामयाबी कविता सुनाई। डॉ. डीके उपाध्याय ने शाम ढलती है इक दिन शहर के लिए रचना प्रस्तुत की। रुस्तम कोटा, राजस्थान ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविता हम जियें तो तिरंगे के खातिर जियें सुना कर श्रोताओं की सराहना प्राप्त की। अर्जुन पांडे ने गंगा, हिमालय और रामकृष्ण को केंद्र में रखकर देशप्रेम की कविता प्रस्तुत की। राजेश रंजन (बांदा, यूपी–बिहार ने ग़ज़ल अमन का पुजारी अमन चाहता हूँ से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। कक्षा 11वीं की छात्रा तमन्ना ने हिंदी में हम क्यों कमजोर कविता से सबका ध्यान आकर्षित किया।

सुधांशु चक्रवर्ती हाजीपुर, बिहार ने मेला कविता के माध्यम से बचपन की स्मृतियां ताज़ा कीं। कामेश्वर राव कटिहार, बिहार ने हिंदी हमारे सम्मान की भाषा कब बनेगी और बूढ़ा बरगद जैसी रचनाएं प्रस्तुत कीं। भारती शर्मा ने हिंदी दिवस पर कविता हिंदी तो भारत भाल के सुहाग की है बिंदी सुनाई। चंद्रभूषण चंपारण, बिहार विशाखापत्तनम ने हिंदी पर करारा व्यंग्य प्रस्तुत किया। निगम प्रयागराज ने हिंदी को राष्ट्रभाषा का गौरव बताते हुए अपनी रचना पढ़ी। कार्यक्रम के समापन पर डॉ. दीपा गुप्ता ने हास्य–व्यंग्य कविता अंगूठा छाप प्रस्तुत कर समाज की सच्चाइयों पर तीखा प्रहार किया।

## बीएड प्रशिक्षणार्थियों को दी गई साइबर अपराधों की जानकारी

**अम्बिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र ने युवा दिवस सप्ताह पर नशामुक्ति, यातायात, साइबर अपराध एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। नवा बिहान एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में संत हरकेवल शिक्षा महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य डॉ.शिव कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता एवं सीएसपी राहुल बंसल के मुख्य आतिथ्य में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ.अंजन सिंह ने युवा दिवस सप्ताह पर प्रकाश डाला एवं कहा कि विवेकानंद के आदर्शों को हम सभी को आत्मसात करना चाहिए। पूर्व प्राचार्य डॉ.त्रिपाठी ने कहा कि यातायात के प्रावधानों को बताने के साथ ही स्वयं पालन करना एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य है। विधिक सेवा प्राधिकरण के पुष्य मित्र मल्तियार ने जरूरतमंदों एवं महिलाओं को दी जाने वाली सेवाओं के बारे में बताया। संयोजक मंगल पाण्डेय ने युवाओं के सशक्तिकरण में नवा बिहान द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में बताया। समन्वयक अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि अनुशासन मानव जीवन का मूल मंत्र है। हम अनुशासित होकर काम करें तो समस्या रहित समाज का निर्माण करने में अपना योगदान दे सकेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने कहा कि युवाओं में आक्रामकता एवं अकर्मण्यता का बढ़ता प्रतिशत चिंता का विषय है।

## युवा दिवस पर तुलसी साहित्य समिति की काव्यगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वामी विवेकानंद की जयंती पर तुलसी साहित्य समिति ने केशरवानी भवन में पूर्व व्याख्याता सच्चिदानंद पाण्डेय पं.रामनारायण शर्मा चंद्रभूषण मिश्र और दुर्गाप्रसाद श्रीवास्तव के आतिथ्य एवं शायर-ए-शहर यादव विकास की अध्यक्षता में काव्यगोष्ठी की। गोष्ठी के प्रारंभ में मां वाग्देवी की सामूहिक पूजा, रामचरित मानस बीडी लाल और सुरेश जायसवाल द्वारा रचित रामायणों का संक्षिप्त पाठ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति नीलिमा जायसवाल ने दी। पं.रामनारायण शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद एक संत होने के अलावा महान देशभक्त, प्रखर वक्ता, विचारक और मानवता प्रेमी थे। युवाओं को उठो जागो और लक्ष्य प्राप्त करने तक रूको नहीं का नारा बुलंद किया। उनके क्रांतिकारी विचारों से प्रभावित होकर हजारों युवकों ने भारतीय स्वतंत्रता संघर्ष में अपने को झोंक दिया। उन्होंने युद्ध के स्थान पर शांति, विनाश की जगह निर्माण तथा मतभेद व कलह की जगह मित्रता का उद्घोष किया। सच्चिदानंद पाण्डेय ने विवेकानंद के 1877 से 1879 तक रायपुर प्रवास की चर्चा की। गोष्ठी में जयप्रकाश चौबे ने वह सन्यासी, वह तेजपुंज भारत का अनुपम मान था, श्याम बिहारी पाण्डेय ने जवानी हो अगर मुमकिन विवेकानंद जैसी हो, अजय सागर ने इस नए दौर में भी नया कुछ कर दिखाना है, संतोष सरल ने युवा तो बहती ठंडी हवा है, मुकुंदलाल साहू ने यह जीवन अनमोल है, रहे हमेशा याद, उमाकांत पाण्डेय ने मैने माना रूसवाई बहुत है, राजेश पाण्डेय अब्र ने मुझको तुम्हारी है प्रतीक्षा तुमचले आओ, प्रकाश कश्यप ने दास्तां गुजरे जमाने की सुनाने आ गया यह साल, रामलाल विश्वकर्मा की हटा लो उन किताबों से हर्फे जो खराब है।



# 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी मर्दानी 3

**मुंबई।** मर्दानी 3 ' में रानी मुखर्जी एक बार फिर निडर पुलिस अधिकारी शिवानी शिवाजी रॉय के किरदार में नजर आएंगी, जो न्याय के लिए निस्वार्थ भाव से लड़ती हैं। यश राज फिल्म्स ने 'मर्दानी 3' की रिलीज डेट का ऐलान किया है। फिल्म 30 जनवरी को थिएटर्स में आएगी। मेकर्स इस फिल्म को शिवानी की अच्छाई और खौफनाक बुराई के बीच एक खूनी और हिंसक टकराव के रूप में पेश कर रहे हैं, जहां वह देश की कई लापता लड़कियों को बचाने के लिए समय के खिलाफ एक असाधारण रेस शुरू करती हैं। रानी मुखर्जी पहले ही खुलासा कर चुकी हैं कि यह एज-ऑफ-द-सीट थ्रिलर डार्क, डेडली और ब्रूटल होगी।

## लाइफ Style



# सदफ

## भोले बाबा की भक्तिन, रखती हैं व्रत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

स्प्लिट्सविला 16' में ' सदाफ़शंकर कौन हैं? मिलिए अफगानिस्तान में जन्मी मॉडल और भगवान शिव की भक्त से, जो इस सीजन की सबसे चर्चित कंटेस्टेंट बनती जा रही हैं। उनकी बेबाक कॉन्फिडेंस, दमदार मौजूदगी और अनोखी कहानी ने दर्शकों के बीच जिज्ञासा और चर्चा को जन्म दिया है।


9 जनवरी 2026 को स्प्लिट्सविला 16' के शुरू होने के बाद से एक कंटेस्टेंट लगातार सुर्खियां बटोर रही हैं। वो न तो गुल्लू हैं, न योगेश। इस कंटेस्टेंट का नाम सदफ शंकर है, जिनका जन्म अफगानस्तान में हुआ है। पिछले दस सालों से भारत में रह रही हैं और इस सीजन की सबसे चर्चित चेहरों में से एक बन गई हैं। सदफ शंकर फारसी मूल की मॉडल हैं, जिनका जन्म अफगानिस्तान में हुआ और अब मुंबई में रहती हैं। पिछले 10 सालों से भारत में रहकर उन्होंने यहां की संस्कृति को पूरी तरह अपनाया है। वह खुद को "देसी दिल से, फिल्मी अंदाज में और थोड़ी सी ड्रामा क्वीन जन्म से" बताती हैं। सदफ शंकर के इंस्टा पर 1.6 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। उनकी बायो में लिखा है, 'मैं फेमस हूं, दुनिया को बस अभी पता नहीं चला,' जो उनके आत्मविश्वास को बखूबी दर्शाता है। सोशल मीडिया के मुताबिक, सदफ़ ने हाल ही में प्रोफेशनल मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा है। 'सप्लिट्सविला 16' में सदफ का इंट्रोडक्शन उन्हें बेबाक, बोल्ड और नजरअंदाज करना नामुमकिन बताता है, जो अपने लुक्स से सबको इम्प्रेस करती हैं और एक नजर से ही सामने वाले को डराने का दम रखती हैं।

## हॉलीवुड मसाला




# बाफ्टा की दौड़ में वन बैटल ऑफ्टर

**लॉस एंजिल्स।** इन दिनों बाफ्टा अवॉर्ड के नॉमिनेशन चर्चा में हैं। हाल ही में उन फिल्मों के नाम साझा किए गए हैं, जिनका नॉमिनेशन अवॉर्ड के लिए हुआ है। फाइनल वोटिंग राउंड के बाद जल्द ही ऑफिशियल नॉमिनेशन भी सामने आएंगे। लेकिन पहले राउंड में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म ने बाजी मारी है। पहली लिस्ट में लियोनार्डो डिकैप्रियो की फिल्म 'वन बैटल आफ्टर अनदर' का जलवा देखने को मिला। इस फिल्म ने बाफ्टा में लगभग 16 नॉमिनेशन अपने नाम किए हैं।




# कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड के जरिए हुए थे काफी मशहूर

**लॉस एंजिल्स।** एमी अवॉर्ड विनर डायरेक्टर टॉम चेरोन्स का 86 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह लंबे से एक गंभीर बीमारी से पीड़ित थे। यह डायरेक्टर कॉमिक सीरियल सीनफेल्ड' के जरिए काफी मशहूर हुए थे। टॉम चेरोन्स ने डायरेक्टर के तौर टीवी से शुरुआत की थी। उन्होंने पहला टीवी सीरियल 'बेब्स इन द वुड्स' किया था। फिर 1990 में उन्होंने 'सीनफेल्ड' नाम का सीरियल डायरेक्ट किया। इस सीरियल ने उन्हें डायरेक्टर के तौर पर अलग पहचान दिलाई। इसी सीरियल के लिए उन्हें एमी अवॉर्ड मिला, जिसे उन्होंने क्रिएटर्स जेरी सीनफेल्ड और लैरी डेविड के साथ शेयर किया था। टॉम चेरोन्स ने न्यू मैक्सिको यूनिवर्सिटी से जर्नलिज्म में बैचलर डिग्री हासिल की थी। बाद में अलबामा यूनिवर्सिटी से टेलीकम्युनिकेशंस में मास्टर डिग्री हासिल की।



# ओ रोमियो के टीजर में फरीदा ने दी गाली

**मुंबई।** हाल ही शाहिद कपूर की नई फिल्म 'ओ रोमियो' का टीजर रिलीज हुआ, जो इंटरनेट पर छाया हुआ है। जहां इसमें शाहिद चर्चा बटोर रहे हैं, तो वहीं फरीदा जलाल भी छा गईं। हालांकि, उनका अवतार देख फैंस को झटका लगा है। दरअसल, 'ओ रोमियो' के टीजर में फरीदा जलाल गाली देती नजर आ रही हैं। दशकों लंबे करियर में यह पहली बार है, जब फरीदा जलाल गाली देती दिखीं और ऐसा अवतार नजर आया। यही बात फैंस को हजम नहीं हुई और वो हैरान हैं। फरीदा जलाल को यूं गाली देते देख फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। 'ओ रोमियो' का टीजर 10 जनवरी को रिलीज हुआ। विशाल भारद्वाज की इस फिल्म में पूरी कास्ट की झलक दिखाई गई, जिसने फैंस को उत्साहित कर दिया। पर सबसे ज्यादा ध्यान दिग्गज एक्ट्रेस फरीदा जलाल ने खींचा।



# नीले ड्रम और हनीमून हत्या की वो सच्चाई

**नई दिल्ली।** जिन घटनाओं ने पूरे देश के रोंगटे खड़े कर दिए थे, अब उसकी कहानी ओटीटी पर देखने को मिल रही है। यह सीरीज आपका दिल दहला देने के लिए काफी है। अगर आप इस हफ्ते कोई सीरीज देखने की सोच रहे हैं तो आप इसे अपनी वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं। इस डॉक्यु सीरीज का नाम है हनीमून से हत्या, जो महिलाओं द्वारा पतियों की हत्या पर आधारित सच्ची घटना पर आधारित है। सीरीज में उन हत्याओं को दिखाया गया जो सबसे ज्यादा चर्चा में रहीं और इसने लोगों के दिल दहला दिए। हनीमून से हत्या डॉक्यु सीरीज में जिन घटनाओं को दिखाया गया है, वो मेघालय सोनम रघुवंशी केस, भिवानी इन्फ्लुएंसर केस, मेरठ ब्लू ड्रम केस, मुंबई (नालासोपारा) टाइल केस और दिल्ली इलेक्ट्रिक शॉक केस शामिल हैं।

## टीवी मसाला

# इंडियन आइडल 3 के रह चुके हैं विजेता

**नई दिल्ली।** प्रसिद्ध सिंगर और एक्टर प्रशांत तमांग का 11 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली में अपने आवास पर निधन हो गया। प्रशात साल 2007 में 'इंडियन आइडल सीजन 3' के विनर थे जिसके बाद उन्हें काफी पॉपुलैरिटी मिली थी। इसके अलावा वो वेब सीरीज पाताललोक 2 में भी नजर आए थे। वह 43 साल के थे। शुरुआती रिपोर्ट्स के अनुसार उन्हें दिल का दौरा पड़ा जिससे उनका निधन हो गया। हालांकि अभी इसकी मेडिकल पुष्टि नहीं हुई है। दार्जिलिंग के रहने वाले तमांग का जन्म 4 जनवरी 1983 को हुआ था। उन्होंने कम उम्र में ही अपने पिता को खो दिया था। बाद में कांस्टेबल के रूप में कोलकाता पुलिस में भर्ती हो गए। अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पुलिस ऑर्केस्ट्रा के माध्यम से संगीत के प्रति अपने जुनून को हमेशा अपने अंदर पोषित किया। खबरों के मुताबिक, प्रशांत हाल ही में अरुणाचल प्रदेश में एक लाइव परफॉर्मेंस के बाद राजधानी लौटे थे। इसके अलावा उन्हें कोई गंभीर स्वास्थ्य बीमारी भी नहीं थी। कोलकाता पुलिस में कांस्टेबल के रूप में सेवा देने से लेकर दक्षिण एशिया में घर-घर में पहचाने जाने वाले नाम बनने तक, तमांग की यात्रा ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। उन्होंने हाल ही में 'पाताल लोक' के सीजन 2 में डैनियल लेचो के रूप में अपने दमदार अभिनय के लिए खूब प्रशंसा बटोरी। उनके गीत 'बीर गोरखाली' और 'असारे महिमा' आज भी शक्तिशाली सांस्कृतिक गीतों के रूप में गूंजते हैं। तमांग को 2007 में इंडियन आइडल सीजन 3 जीतने के बाद राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्धि मिली। इस जीत के बाद उनका एल्बम 'धन्यवाद' रिलीज हुआ। उन्होंने विदेशों में भी कई जगह परफॉर्म किया।



## टीवी के इन सितारों का फिल्मों में भी बजा डंका

**नई दिल्ली।** टीवी की दुनिया को भले ही कुछ लोग कम आंकते हैं। छोटा प्लेटफॉर्म मानते हैं। लेकिन इसी जगह से कई सितारे ऐसे चमके, जिनका न सिर्फ इस छोटे पर्दे पर, बल्कि फिल्मों में भी डंका बजा है। मोना सिंह ने 'जस्सी जैसी कोई नहीं' से पॉप्युलैरिटी हासिल की। और टीवी की दुनिया में काफी नाम कमाया। लेकिन फिल्मों में भी इन्होंने झंडे गाड़े। '3 इडियट्स', 'लाल सिंह चड्ढा' जैसी सुपरहिट मूवीज का हिस्सा रहीं। करण टैकर और क्रिस्टल डिसूजा को 'एक हजारों में मेरी बहना है' में साथ देखा गया था। और अब दोनों ही टीवी की दुनिया से निकलकर बड़े पर्दे पर अपनी धाक जमा रहे हैं। वेब सीरीज से लेकर बॉलीवुड मूवीज में ये नजर आ रहे हैं। इरफान खान हमारे बीच नहीं हैं। उन्होंने दूरदर्शन पर 'चाणक्य', 'भारत एक खोज', 'सारा जहां हमारा', 'बनेगी अपनी बात', 'चंद्रकांता' और 'श्रीकांत' जैसे शोज से नाम कमाया और फिर फिल्मों में भी सुपरहिट एक्टर रहे। 'पवित्र रिश्ता' और 'किस देश में है मेरा दिल' जैसे सुपरहिट शोज में अपने किरदार से घर-घर फेमस होने वाले सुशांत संह राजपूत हमारे बीच नहीं लेकिन उन्होंने टीवी के साथ-साथ फिल्मों में भी हाथ आजमाया था और शानदार काम के लिए कई खिताब भी जीते थे।



# FA9LA गाने के सिंगर फ्लिपराची करेंगे इंडिया का टूर

*मुंबई। धुरंधर अपनी कहानी के अलावा दर्शकों के बीच गाने '**FA9LA**' के कारण भी खूब चर्चा में रही। यह गाना बहरीन के रैपर फ्लिपराची ने तैयार किया है। जल्द ही वह भारत का टूर कर रहे हैं। धुरंधर को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक महीने से अधिक का समय हो चुका है। फिल्म 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर चुकी है। इस फिल्म का गाना **FA9LA** अब भी सोशल मीडिया पर वायरल है। इस गाने पर देश ही नहीं, दुनिया भर में रील्स बन चुकी हैं। **FA9LA** के सिंगर रैपर फ्लिपराची हैं। उनकी भारत में भी अब अच्छी खास फैन फॉलोइंग हो चुकी है। अपने इंडियन फैंस का मनोरंजन अब फ्लिपराची लाइव करेंगे। जल्द ही भारत में उनका म्यूजिक टूर शुरू होगा।*

## भारत के किस शहर में होगा पहला शो

सिंगर, रैपर फ्लिपराची के इंडिया टूर की शुरुआत 14 मार्च से होगी। वह अपना पहला लाइव शो बेंगलुरु में करेंगे। इस बात की जानकारी रैपर ने खुद इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए साझा की है। म्यूजिक टूर की बाकी तारीखों की घोषणा भी जल्द ही की जाएगी। लेकिन, इसके लिए रैपर फ्लिपराची ने अपने इंडियन फैंस सजेशन मांगे हैं। उन्होंने कहा है कि फैंस अपने शहरों के नाम बताएं, जिसके बाद तय होगा कि वह अगला शो कहां करेंगे।



## अक्षय को फ्लिपराची के गाने से मिली लाइमलाइट

फिल्म धुरंधर के गाने **FA9LA** में अक्षय खन्ना ने भी कुछ वायरल डांस स्टेप्स किए। इस वजह से वह भी खूब चर्चा में रहे। फिल्म में लीड रोल रणवीर सिंह का था लेकिन अक्षय खन्ना को इस गाने के कारण ज्यादा सराहा गया। ऑडियंस को **FA9LA** गाने की जोरदार बीट्स और एनर्जी काफी पसंद आई। इस गाने के लिए फ्लिपराची को इंडिया में काफी फेम मिला।

# दो आंखें बारह हाथ से लेकर एआर रहमान तक गोल्डन ग्लोब में अब तक ऐसा रहा भारत का सफर

**नई दिल्ली।** गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स फिल्म और टेलीविजन जगत के सबसे चर्चित अवॉर्ड्स में शामिल हैं। हर साल की तरह इस साल भी जनवरी में गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड आयोजित होने जा रहे हैं। 83वें गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स का आयोजन 11 जनवरी को लॉस एंजिल्स के बेवर्ली हिल्टन होटल में किया जाएगा। इसमें फिल्म, टेलीविजन और पहली बार पॉडकास्ट के क्षेत्र में इस साल शानदार काम करने वालों को सम्मानित किया जाएगा। हालांकि, भारत में इस अवॉर्ड्स समारोह का प्रसारण सोमवार यानी 12 जनवरी को सुबह छह बजे होगा। गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में कैसा रहा भारत का सफर? किस भारतीय फिल्म या कलाकार को मिला गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड और कौनसी फिल्में व कलाकार हुए नामित।

***दो आखें बारह हाथ को मिला था गोल्डन ग्लोब*** : साल 1944 में शुरु हुए गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में भारत को पहली उपलब्धि साल 1957 में मिली। जब दिग्गज फिल्ममेकर वी. शांताराम की फिल्म 'दो आंखें बारह हाथ'को गोल्डन ग्लोब में नॉमिनेशन मिला। साथ ही इस फिल्म ने एक स्पेशल अचीवमेंट अवॉर्ड भी अपने नाम किया। 'दो आंखें बारह हाथ'को सैमुअल गोल्डविन अंतरराष्ट्रीय फिल्म अवॉर्ड मिला था।



***गांधी फिल्म ने लहराया था परचम*** : दो आंखें बारह हाथ के लगभग 26 साल बाद साल 1983 में रिचर्ड एटनबर्ग की फिल्म गांधी ने गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड में परचम लहराया था। इस फिल्म ने कई कैटेगरी में अवॉर्ड जीता था। गांधी को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, निर्देशक, स्क्रीनप्ले, नया कलाकार और सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म की कैटेगरी में अवॉर्ड मिला था।

***मीरा नायर की सलाम बॉम्बे और मानसून वेडिंग को मिला नॉमिनेशन*** : गांधी के बाद साल 1989 में मीरा नायर की फिल्म सलाम बॉम्बे को गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा की फिल्म की कैटेगरी में नॉमिनेशन मिला था। हालांकि, फिल्म यह पुरस्कार अपने नाम नहीं कर सकी थी। तब यह अवॉर्ड 'पेल द कॉन्करर' को मिला था। इसके बाद साल 2002 में एक बार फिर मीरा नायर की फिल्म मानसून वेडिंग गोल्डन ग्लोब अवॉर्ड्स में सर्वश्रेष्ठ विदेशी भाषा फिल्म की कैटेगरी में नामित हुई। लेकिन, यहां भी मीरा नायर को निराशा मिली और अवॉर्ड क्राउचिंग टाइगर, हिडन ड्रैगन को मिला।

***2009 में एआर रहमान बने गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय*** : 1983 में गांधी के अवॉर्ड जीतने के बाद भारत के लिए गोल्डन ग्लोब से अच्छी खबर सीधे 2009 में आई, जब दिग्गज संगीतकार एआर रहमान को बेस्ट ओरिजिनल म्यूजिक स्कोर की कैटेगरी में यह पुरस्कार मिला था। रहमान ने फिल्म स्लमडॉग मिलेनियर के लिए इस अवॉर्ड को अपने नाम किया था। इसके साथ ही एआर रहमान व्यक्तिगत रूप से गोल्डन ग्लोब जीतने वाले पहले भारतीय भी बने।

## दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा, नाम था मनोरमा

# घरों में झाड़ू-पोछा करने वाली, फिल्मों में बनाए रिकॉर्ड, गिनीज बुक में नाम

नई दिल्ली। भारतीय सिनेमा में ऐसे कई नगीने उभरे हैं, जिन्होंने मुफलिसी में जिंदगी गुजारी, पेट पालने के लिए फाके करने पडे, पर कड़ी मेहनत से न सिर्फ अपनी किस्मत की लकीरें सुधारीं, बल्कि दुनियाभर में देश का नाम रोशन किया। ऐसी ही एक कलाकार रहीं, जिनके बारे में बता रहे हैं। फिल्मों में आने से पहले यह एक नौकरानी थी। लोगों के घरों में जाकर जूठे बर्तन मांजती और साफ-सफाई करती थी, पर जब फिल्मों में आई तो हर कोई इसका हुनर देख दंग रह गया। दुनियाभर में इस एक्ट्रेस के नाम का डंका बजा। नाम था मनोरमा, जिन्हें प्यार से 'आची मनोरमा' भी कहा जाता था। इन्होंने अपने कॅरियर में पांच-पांच मुख्यमंत्रियों संग काम किया था। हालांकि, उनका असली नाम गोपीशांता था।



### गरीबी में जन्मा एक सितारा जो दुनिया भर में चमका

आची मनोरमा तमिलनाडु के मन्नारगुड़ी में एक गरीब परिवार में पैदा हुई थीं। परिवार की स्थिति ऐसी नहीं थी कि भरपेट खा सकें। इसलिए मां नौकरानी का काम किया करती थीं। मनोरमा ने अपने करियर में 1500 से अधिक फिल्में कीं और 5 हजार से ज्यादा स्टेज शोज किए थे। उन्होंने कई टीवी सीरियलों में भी काम किया और नेशनल अवॉर्ड भी जीता। उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स तक में दर्ज किया गया। हालांकि, यहां तक का सफर बहुत टेढ़ा-मेढ़ा और कठिनाइयों भरा था, जिसकी शुरुआत मां की जानलेवा बीमारी के साथ हो चुकी थी।

### घरों में नौकरानी बन गईं

मनोरमा की मां को कैंसर था। वह लोगों के घरों में नौकरानी का काम करती थीं, पर बीमारी की वजह से वह काम भी छूट गया और भूखे मरने की नौबत आ गई। मनोरमा ने जब देखा की मां को खून की उल्टियां हो रही हैं, तो वह टूट गई थीं। उस वक्त वह सिर्फ 11 साल की थीं, पर उन्होंने नन्ही सी उम्र में ही घर का भार संभाल लिया। मनोरमा ने स्कूल जाना छोड़ दिया और घर-घर जाकर बर्तन साफ करने और चूल्हे-चौके का काम शुरू कर दिया। उससे जो पैसे मिलते, उनसे घर का गुजारा चलता। लेकिन मां का इलाज तब भी नहीं हो पा रहा था क्योंकि आमद इतनी नहीं थी।

### मुख्यमंत्रियों संग कीं फिल्में, कभी वो थे एक्टर

मनोरमा एक ऐसी एक्ट्रेस हैं, जिन्होंने अपने कॅरियर में पांच मुख्यमंत्रियों के साथ काम किया था। ये थे- एनटी रामाराव, एन अन्नादुरई, जयललिता, एम.जी. रामाचन्द्रन और एम करुनानिधि। दरअसल, ये सभी मुख्यमंत्री बनने और राजनीति में आने से पहले फिल्मों में एक्टिव थे। उसी दौरान मनोरमा ने इन सभी के साथ फिल्में की थीं। मनोरमा ने 1960 तक तो फिल्मों में हर तरह के किरदार निभाए और एक्टिंग की, लेकिन फिर वह कॉमेडी रोल करने लगीं। इसके बाद तो उनके करियर को और नई जिंदगी मिली। कॉमेडी में मनोरमा को खूब पसंद किया गया।

### इस शख्स का एहसान मानती थीं

मनोरमा ने एक बार हमारे सहयोगी 'ईटाइम्स' को दिए इंटरव्यू में कहा था कि अगर एक्टर कनादासन नहीं होते, तो वह भी जिंदा नहीं होतीं। उन्होंने ही एक्ट्रेस से कहा था कि अगर सिर्फ एक्टिंग की करती रहोगी तो इंडस्ट्री वाले कुछ साल में ही बाहर उठाकर फेंक देंगे, और कॉमेडी करोगी तो बहुत आगे तक जाओगी। मनोरमा ने करीब 57 साल तक फिल्मों में काम किया, एक्टिंग की और ढेरों गाने गाए। उन्होंने लगभग सभी पॉपुलर म्यूजिक डायरेक्टर्स के लिए गाने गाए।

### ऐसे मिला था एक्टिंग का मौका, सिंगर भी कमाल की

ऐसे में तब मनोरमा ने कुछ और काम करने की भी सोची। उसी दौरान एक नाटक मंडली उनके गांव में आई। बताया जाता है कि उस मंडली की हीरोइन गाना नहीं गा पा रही थी। मनोरमा ने गाने की पेशकश की। उन्होंने गाना गाया और इस तरह 11 साल की उम्र में ही एक्टिंग के साथ-साथ सिंगर के तौर पर भी शुरुआत हो गई। मनोरमा एक अच्छी एक्ट्रेस होने के साथ-साथ कमाल की सिंगर भी थीं, और इसी से उनके लिए फिल्मी दुनिया के रास्ते खुले।

### 1500 से ज्यादा फिल्में गिनीज बुक में दर्ज नाम

मनोरमा को नाटक मंडली में काम करते हुए पहली फिल्म 'इनबावाज्वु' मिली और वह छा गईं। इसके बाद उनके पास फिल्मों की लाइन लग गई। मनोरमा ने एक के बाद एक 1500 से अधिक फिल्मों में काम किया। इसी के कारण उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज किया गया।

**खबर संक्षेप**

## शिवचरण बने भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष



**बैकुण्ठपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा नवीन कार्यकारिणी घोषणा किया गया। इसमें भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के अनुशंसा से कोरिया जिले किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिवचरण साहू को नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के उपरांत जिलेभर के कार्यकर्ताओं एवं समर्थक काफी उत्साहित है। श्री साहू छात्र जीवन से ही वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् में जुड़कर छात्रों के हित में आवाज उठाते रहें, इसके बाद ग्राम पंचायत सरभोका के वार्ड क्रमांक 12 से लगातार दो पंचवर्षी निर्विरोध पंच बने। पूर्व में किसान मोर्चा जिला महामंत्री के पद की जिम्मेदारी निर्वहन कर चुके हैं, इससे संगठन को लाभ मिला।

## धान का भूसा रेत में जाने पर देवर ने की भाभी के साथ मारपीट

**अम्बिकापुर।** ईट, रेत व मिट्टी में धान का भूसा जाने से नाराज देवर ने गाली-गलौज करते हुए भाभी की पिटाई कर दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी बसदेई अंतर्गत ग्राम डबरीपारा निवासी बसंती बाई पति बद्री प्रसाद जायसवाल शनिवार को अपने खलिहान में धान को साफ करने के लिए हवा में उड़ा रही थी जिससे धान का भूसा पास ही देवर उदय प्रसाद द्वारा गिराए गए ईट, मिट्टी व रेत में जाने लगा। जिसे देख देवर ने धान को हवा में उड़ाने से मना किया और नहीं मानने पर भाभी की डंडे से जमकर पिटाई कर दी। घटना को देख परिजन ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़िता ने घटना की रिपोर्ट पुलिस चौकी में दर्ज कराई।

## ग्रामीण से नकदी और मोबाइल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



**अम्बिकापुर।** ग्रामीण से लूट के मामले में पुलिस ने जांच उपरान्त दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त स्कूटी और 5 सौ रुपए नगद बरामद किया है। बताया जा रहा है कि दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम मोहनपुर पटेलपारा निवासी बचन राम 30 दिसम्बर को अपने ससुराल पहाड़ पारा से 10 हजार रुपए और वीवो कंपनी का मोबाइल फोन एक थैला में रखकर पैदल घर जा रहा था। इस दौरान शाम 4 बजे महेशपुर जंगल के समीप मोहनपुर की ओर से आ रहे स्कूटी सवार तीन लोगों ने अचानक ही ग्रामीण का थैला लूट गया और फरार हो गए। लूट के बाद ग्रामीण ने मामले की शिकायत पुलिस से की थी। मामले में पुलिस व साइबर सेल की टीम घटना की जांच कर रही थी।

**पृष्ठ 1 का शेष**

### स्वामी विवेकानंद के...

भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वा किया। समारोह में नगर निगम के मेयर रामनरेश राय, मंडल अध्यक्ष पुरूषोत्तम सोनकर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, युवा वर्ग एवं काफी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन राष्ट निर्माण और मानव सेवा के संकल्प के साथ किया गया।

### अवैध मदिरा विक्रेता..

के घर बाड़ी की छापाकर 8 लीटर हाथभट्टी अवैध शराब जब्त किया गया। ग्राम बसेर थाना चरचा मनी सिंह आत्मज जगरनाथ के घर से 9.8 लीटर शराब जब्त किया गया। ग्राम बसेर में ही जानकी पति धौकल सिंह के घर से 8 लीटर जरकिन और बोतलो में भरी अवैध शराब जब्त किया गया। चार आरोपियों के विरूध छ.ग. आबकारी अधिनियम की धारा 34 (1) क 34 (2) एवं 59 क के तहत प्रकरण कायम कर जिला न्यायालय बैकुंठपुर में न्यायिक रिमांड के लिए प्रस्तुत किया गया। न्यायाधीश द्वारा आरोपी को 14 दिनों के लिए जेल भेजने का आदेश दिया गया।

### लोक नृत्य-लोकगीत का जिला स्तरीय सम्मेलन

# ओंकारेश्वर धाम में मकर संक्रांति उत्सव मेला कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



जिले के ओम तीर्थ ओंकारेश्वर धाम कैलाशपुर सोनहत कोरिया में आगामी 14 एवं 15 जनवरी को दो दिवसीय मकर संक्रांति उत्सव मेला का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संगम में स्नान, पूजन, हवन, भजन-कीर्तन के साथ-साथ छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य एवं लोकगीत सुआ, शैला, कर्मा लोक दलों का जिला स्तरीय सम्मेलन संपन्न होगा।

आयोजन समिति वनस्थली ओंकारेश्वर परिवार के अनुसार यह धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजन वर्ष 2000 में तत्कालीन वित्तमंत्री डॉ. रामचंद्र सिंहदेव, क्षेत्र के पुरोहित पंडित श्यामकरण महाराज एवं तत्कालीन जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती निधि की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ था। तब से यह आयोजन निरंतर जनसहयोग से संपन्न हो रहा है। उल्लेखनीय है कि इस आयोजन में शासन स्तर से किसी प्रकार का आर्थिक सहयोग नहीं लिया जाता। वहीं लोक नृत्य-लोकगीत प्रतियोगिता का प्रतिफल यह रहा है कि सोनहत विकासखंड में ग्रामीण अंचल में सर्वाधिक लोक दल सक्रिय हैं और जिलेभर में लोक संस्कृति का संरक्षण हो रहा है। सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी लोक दलों को पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। वनस्थली ओंकारेश्वर परिवार ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे परिवार एवं इष्ट-मित्रों सहित कार्यक्रम में पधारकर पुण्यलाभ अर्जित करें। साथ ही जो भक्त भंडारा, धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में सहयोग करना चाहते हैं, वे सामग्री या नगद दान प्रदान कर सकते हैं।

**तीन नदियों का है संगम-**

यह स्थल हंस, दो घुनघुटा एवं बनखेता नदियों के संगम पर स्थित है, जहां नदी की जलधारा से प्राकृतिक रूप से यू की आकृति निर्मित होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार यह क्षेत्र भगवान श्रीराम के वनवास काल के वन-गमन मार्ग में भी सम्मिलित है।

**51 घंटे में निर्मित है मंदिर**

स्थानीय जनश्रुति के अनुसार पूर्व में यहां घनघोर जंगल था। रेशम केन्द्र स्थापना के दौरान सीपीटी खुदाई में प्राचीन मंदिर के अवशेष प्राप्त हुए, जिसके बाद 51 घंटे में मंदिर का निर्माण किया गया। इसके बाद किसी बड़े निर्माण कार्य का विस्तार नहीं हो सका। यह स्थल अत्यंत सिद्ध माना जाता है, जहां भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होने की आस्था है।



# गोंडवाना संस्कृति को संजोय रखने मातृ शक्तियों की अहम भूमिकाः संजय

**बैकुण्ठपुर।** जिले के तिलवनडॉड में कोया पुनेम गोंडवाना महासभा जिला इकाई कोरिया की बैठक जिलाध्यक्ष रमेश सिंह टेकाम की अध्यक्षता में गोंगपा प्रदेश अध्यक्ष इंजीनियर संजय सिंह कमरो के मुख्य अतिथि में महासभा के राष्टीय अध्यक्ष मनोज सिंह कमरो के विशिष्ट अतिथि में सामुदायिक भवन तिलवनडॉड में संपन्न हुई।

▪ कोया पुनेम गोंडवाना महासभा कोरिया की बैठक

सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री कमरो ने कहा कि गोंडवाना संस्कृति को संजोय रखने संरक्षण एवं संवर्धन में मातृशक्तियों की महत्वपूर्ण भूमिका है, गोंडवाना की सांस्कृतिक ढांचा ही ऐसा है कि मातृशक्तियों व पितृशक्तियों में समानता का व्यवहार व भाव देखा जाता है, इसलिए गोंडवाना समग्र विकास के लिए मातृशक्तियों को आगे आकर नेतृत्व करने की आवश्यकता है। विशिष्ट अतिथि श्री कमरो ने कहा कि कोया पुनेम गोंडवाना महासभा के पास सामाजिक उत्थान के लिए कंप्लीट रोड मैप तैयार है जिस रास्ते पर चलकर समाज का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है। महासभा की बैठक में जिला और ब्लॉक कमेटी का विस्तार सर्वसम्मति से किया गया। जिला सह सचिव ललन सिंह परस्ते, जिला मीडिया प्रभारी वीर सिंह उईके, जिला उपाध्यक्ष रंजीत सिंह पोया, जिला सलाहकार दलीप सिंह श्याम, जिला प्रचार मंत्री रतन सिंह कमरो, जिला कोषाध्यक्ष संजय सिंह श्याम, जिला महामंत्री रामकुमार सिंह आयाम, जिला संगठन मंत्री शिवराम सिंह नेटी, जिला महामंत्री सुलेश सिंह पोया, ब्लॉक सह सचिव कमलभान सिंह नेताम, मोहर सिंह मरावी, ब्लॉक उपाध्यक्ष ब्लॉक कोषाध्यक्ष अरविंद मरावी, कार्यवाहक ब्लॉक अध्यक्ष बलराम सिंह आयाम, मातृशक्ति प्रकोष्ठ ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम कुमारी नेताम, जिला प्रवक्ता संतोष सिंह श्याम, ब्लॉक सलाहकार मंगल सिंह मरकाम पदाधिकारी बनाए गए। तत्पश्चात वरिष्ट सदस्य वंशराज सिंह पोया ने महासभा के नीतियों पर चलते हुए अपने जिम्मेदारियों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का संकल्प दिलाया गया। बैठक में काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# 1 फरवरी के फाइनल के लिए 6 प्रतिभागी चयनित



**बैकुण्ठपुर।** श्री राधे सोशल वेलफेयर सोसाइटी एवं वी क्लब बैकुंठपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर आधारित ज्ञानवर्धक प्रतियोगिता सवाल 10 हजार का के अंतिम ऑडिशन का आयोजन श्री राधे सदन महलपारा रोड अग्रवाल सिटी बैकुंठपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में चयनित 19 प्रतिभागियों में से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद 6 प्रतिभागियों को फाइनल राउंड के लिए चुना गया। चयनित प्रतिभागियों में सुरभि साहू, रविशंकर महंत, अनंत गुप्ता, अनुराग साहू, श्रद्धा यादव एवं आदर्श सारथी शामिल हैं। सभी प्रतिभागियों ने सामान्य ज्ञान, करेंट अफेयर्स और तार्किक क्षमता में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। कार्यक्रम के आयोजनकर्ता अभय बड़ेरिया ने बताया कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों एवं युवाओं में सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाओं और बौद्धिक विकास के प्रति रुचि बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास, मंच पर बोलने की क्षमता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित होती है। प्रतियोगिता का भव्य फाइनल मुकाबला 1 फरवरी को जिला पंचायत भवन ऑडिटोरियम बैकुंठपुर में आयोजित किया जाएगा। इसमें ज्ञान के साथ-साथ मनोरंजन का भी समावेश रहेगा। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, नृत्य, गीत और प्रेरणादायक प्रस्तुतियां भी होंगी। इस अवसर पर श्री राधे सोशल वेलफेयर सोसाइटी बैकुंठपुर के कोषाध्यक्ष अभय बड़ेरिया, सचिव विजय सिंह ठाकुर, नासिर खान, अनुज बड़ेरिया, नंदन बड़ेरिया, डॉ. गुप्ता, घनश्याम साहू, प्रभुनाथ सिंह तथा वी क्लब बैकुंठपुर की अध्यक्ष बलजीत कौर, मधु गुप्ता, सीमा पांडे, सुमित्रा गुप्ता, किरण बर्वे, अनीता मिश्रा सहित काफी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# रामानुज कॉलेज में राष्टीय युवा दिवस पर विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



शासकीय रामानुज प्रताप सिंहदेव स्नातकोत्तर महाविद्यालय बैकुंठपुर में राष्टीय सेवा योजना (महिला एवं पुरुष इकाई) के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की 163 वीं जयंती को राष्टीय युवा दिवस के रूप में उत्साहपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम के प्रथम चरण में स्वदेशी संकल्प दौड़ का आयोजन किया गया, जिसे महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.एमसी हिमधर ने हरीझंडी दिखाकर रवाना किया। द्वितीय चरण में महाविद्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर, राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. गौरव कुमार मिश्रा एवं इतिहास विभागाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। स्वागत उद्बोधन देते हुए राष्टीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुरंजन कुजूर ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच संचालन करते हुए डॉ. कुलदीप ने कहा कि भारत की पावन भूमि युगों-युगों से ऐसे महापुरूषों की साक्षी रही है, जिन्होंने राष्ट और मानवता के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित किया। स्वामी विवेकानंद ने अध्यात्म को कर्म, सेवा और राष्ट निर्माण से जोड़कर भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर स्थापित किया। स्वागत गीत की संगीतमय प्रस्तुति आस्था विश्वकर्मा ने दी। इसके पश्चात प्राध्यापक डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ.जीके मिश्रा एवं भूपेन्द्र सिंह ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं विचारों पर अपने विचार साझा किए। प्राचार्य डॉ. एमसी हिमधर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का व्यक्तित्व एवं कृतित्व आज के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। युवाओं को लक्ष्य निर्धारित कर राष्ट व समाज सेवा में योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद के जीवन पर आधारित भाषण, प्रेरणादायक गीत एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में आशा राजवाड़े ने प्रथम, सुशील यादव ने द्वितीय एवं कमला देवी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रेरणादायक गीत प्रतियोगिता में मुकेश कुमार प्रथम, आशीष द्वितीय एवं आशा राजवाड़े तृतीय स्थान पर रहीं। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में स्नेहा खटिक प्रथम, धनेश्वर सिंह द्वितीय एवं सुशील कुमार तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिताओं के निर्णायक मंडल में डॉ. रामयश पाल, डॉ. प्रदीप द्विवेदी, डॉ. सचिन सिंह, श्रीमती नीलम गोयल, श्रीमती कंचन जायसवाल एवं सुश्री ईप्सा अरूण शामिल रहीं। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं स्टाफ उपस्थित रहे। आयोजन में कार्यक्रम सहायक मो. आरिफ ढेबर, राजकुमार राजवाड़े, वरिष्ठ स्वयंसेवक तौफिक खान, शशि पोर्ते, डोलिमा, तनुप्रिया, अपर्णा सिंह एवं अनुज राजवाड़े का सक्रिय योगदान रहा।

# नवीन कन्या कॉलेज में मना राष्ट्रीय युवा दिवस

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय में सोमवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.एसएन पाण्डेय एवं जिला संगठक प्रो.एमसी हिमधर के मार्गदर्शन तथा महाविद्यालय की प्राचार्य सह कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाएं पुष्पा, सोनिया रानी, पूर्णिमा एवं सुलोचना द्वारा प्रेरणादायक कविताओं की प्रस्तुति दी गई। प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने स्वामी विवेकानंद के जीवन एवं दर्शन पर सारगर्भित प्रकाश डालते हुए छात्राओं को जोश, जूनून एवं सकारात्मक सोच के साथ अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होने का संदेश दिया। उन्होंने टीम वर्क,अनुशासन एवं जीवन मूल्यों को अपनाने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, बिक्की राम, मो. अमजद एवं चंदन सिंह पटेल ने भी छात्राओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा स्वामी विवेकानंद की जीवनी से जुड़े प्रसंगों के माध्यम से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास, स्वदेशी संकल्प एवं आत्मनिर्भरता जैसे विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के स्टाफ रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. रिचा श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, सुमित मिश्रा, विजय कुमार, सुश्री रिचा चेलकर, सुश्री दीप्ती केरकेट्टा, महेन्द्र कुमार कुर्रे, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, तेजीलाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सत्येन्द्र सिंह पैकरा, बिनयामिन लकड़ा, कु. खुशबू, चुन्नू, श्रीमती उर्मिला एवं श्रीमती अनिता का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का मंच संचालन श्रीमती कनकलता पैकरा ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. ज्ञानचंद्र पाल द्वारा किया गया।



# एसआईआर को लेकर भाजपा कोटाडोल मंडल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़



भारतीय जनता पार्टी कोटाडोल मंडल के अंतर्गत शक्ति केन्द्र कोटाडोल में एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक संगठनात्मक मजबूती एवं आगामी दायित्वों की प्रभावी पूर्ति के उद्देश्य से आयोजित की गई, इसमें कार्यकर्ताओं को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

▪ एसआईआर प्रक्रिया की दी जाएगी जानकारी

बैठक में एसआईआर मंडल प्रभारी एवं जिला मंत्री पवन शुक्ला मुख्य रूप से उपस्थित रहे। साथ ही प्रवेक्षक आदित्य गुप्ता, मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजारामदास, रामसकल सिंह, शिवनारायण मौर्य, भैयालाल यादव, रामगोपाल यादव सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त शक्ति केन्द्र प्रभारी, संयोजक, सह संयोजक, समस्त बूथ अध्यक्ष, बीएलए - 2 तथा सभी टोलियों की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक के दौरान एसआई आरओ अभियान की महत्ता पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने, नए मतदाताओं को जोड़ने, पात्र मतदाताओं के नाम शामिल कराने तथा अपात्र नामों को हटाने की प्रक्रिया को गंभीरता से लेने पर जोर दिया।

सभी बूथ अध्यक्षों एवं बीएल ए -2को अपने-अपने दायित्वों को समयबद्ध एवं जिम्मेदारी के साथ निभाने के निर्देश दिए गए। मंडल प्रभारी पवन शुक्ला ने कहा कि एसआईआर कार्य लोकतंत्र की मजबूती का आधार है।

# समग्र शिक्षक फेडरेशन की एक दिवसीय हड़ताल 17 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

छग समग्र शिक्षक और सहायक शिक्षक फेडरेशन कोरिया ने अपने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर 17 जनवरी को एक दिवसीय हड़ताल करने की घोषणा की है। यह हड़ताल पूरे प्रदेश के जिला मुख्यालयों में एक साथ आयोजित होगा। संगठन के आह्वान पर पूरे प्रदेश के शिक्षक हड़ताल में जाएंगे।

जिलाध्यक्ष विश्वास भगत ने बताया कि हम अलग से कुछ नहीं मांग रहे शासन ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा पत्र में मोदी की गारंटी लागू करने का जो वादा किया था उसी को याद दिला रहे हैं। समग्र शिक्षक फेडरेशन की मांग है कि शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने वादा शासन ने किया था, किंतु अभी तक न तो उनकी वेतन विसंगति दूर हुई है न ही उनको क्रमोन्नत वेतनमान दिया गया है, जिससे शिक्षकों को प्रतिमाह 15 हजार रूपए का नुकसान हो रहा है। दूसरी मांग में फेडरेशन ने कहा कि सभी शिक्षकों की सेवा की गणना प्रथम नियुक्ति तिथि से की जाए। ज्ञात हो कि सविलियन 2018 में किया गया, किंतु 2018 के पूर्व की 15 से 20 वर्षो की सेवा को शून्य कर दिया गया। पूर्व सेवा को शून्य करने से और सेवा अवधि 2018 से जोड़े जाने से क्रमोन्नत वेतनमान भी नहीं दिया जा रहा है, जिससे शिक्षकों को प्रतिमाह 12 हजार की आर्थिक क्षति हो रही है और पेंशन के लिए सेवा अवधि कम होने से पेंशन भी कम मिलेगा, क्योंकि यदि पूर्व की सेवा जोड़ी जाती तो सभी शिक्षकों को 50 प्रतिशत पूर्ण पेंशन मिलता, किंतु अब की स्थिति में किसी को 20 प्रतिशत किसी को 10 प्रतिशत पेंशन मिलेगा और कुछ शिक्षकों को तो शून्य पेंशन जारी हुआ, जिससे उनका बुढ़ापा असुरक्षित है। तीसरी मांग में टीईटी परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग की गई है। चौथी मांग-शिक्षकों के निजी मोबाइल में दबाव पूर्वक शासकीय कार्य जैसे वीएसके एप सहित अन्य एप व कार्य नहीं कराया जाए, इससे उनका मोबाइल हैंग हो जाता है और कार्य न होने पर अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। यदि निजी मोबाइल में सरकारी एप डाउनलोड किया जाता है और शिक्षकों के साथ कोई साइबर फ्रॉड होता है तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा, यहां महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि जिम्मेदारी लेने का कोई पत्र भी शासन द्वारा जारी नहीं किया गया है। निजी मोबाइल में दबाव पूर्वक शासकीय कार्य कराना सविधान के अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्ति की निजता का हनन है। फेडरेशन द्वारा मांग की गई है कि सबसे पहले शासन द्वारा मोबाइल और डाटा प्रदान किया जाए, इसके पश्चात ही कोई एप डाउनलोड करने को कहा जाए। शिक्षक फेडरेशन ने सभी शिक्षकों से अपील की है कि 17 जनवरी के हड़ताल में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर आंदोलन को सफल बनाएं।

# पीछा व गाली गलौज करने से नाराज होकर की थी युवक की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



चाकू गोदकर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने एक युवती समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने पीछा करने के साथ ही गाली गलौज किए जाने से नाराज युवती ने अपने साथियों के साथ मिलकर मारपीट की और फिर आरोपी युवक ने चाकू गोदकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद करने के साथ ही आरोपियों को जेल भेज दिया है।

बता दें कि 10 जनवरी की सुबह गांधीनगर डेयरी फार्म रोड में एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की पहचान सुभाषनगर निवासी 46 वर्षीय बबलू मंडल आ. तिवारी लाल मंडल के रूप में की गई थी। प्रारंभिक जांच में ही मृतक के गले में किसी धागे से खींचने के निशान व पेट में चाकू मारकर हत्या किए जाने की बात सामने आई थी। वहीं चाकू मारकर हत्या किए जाने का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था। ऐसे में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने मामले की गंभीरता से जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों व सीएसपी राहुल बंसल के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम द्वारा आरोपियों की तलाश की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस मूलतः बलरामपुर केनापारा हाल मुकाम सुभाषनगर निवासी 20 वर्षीय सुमित एक्का आ. धरम देव एक्का, मुक्तिपारा गांधीनगर निवासी 22 वर्षीय प्रमोद तिवारी उर्फ टक्कु आ. स्व. भीम तिवारी व गांधीनगर सोनी मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय सुष्मिता हरिला उर्फ सोनिया पति शुभम विश्वास को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



